इंश्योरेंस भी, सेविंग्स भी

मेरा नियमित प्रीमियम प्लान!

प्रस्तुत है LIC's

नव जीवन श्री

यूआईएन: 512N387V01
प्लान नं.: 912

नियमित प्रीमियम पेमेंट प्लान

लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकल समाधान.

- देय गारंटीड ॲडिशन्स – सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम (करों के बिना) के प्रतिशत के रूप में.
- सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि.
- 6/8/10/12 वर्ष की आकर्षक प्रीमियम भुगतान अवधियाँ.
- पॉलिसी अवधि विकल्प: 10 से 20 वर्ष.

प्लान ऑनलाइन भी उपलब्ध है

(एक नॉन–पार, नॉन–लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना)

योगक्षेमं वहाम्यहम्
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/R1/2025-26/09/Hin/SB

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं

LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

एलआईसी की नव जीवन श्री
(UIN: 512N387V01)
एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत, बचत, योजना

एलआईसी की नव जीवन श्री एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत बचत योजना है। यह योजना बचत और सुरक्षा का आकर्षक संयोजन प्रदान करती है और इसे विशेष रूप से आपकी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पर्याप्त धन रखने के लिए तैयार किया गया है। यह गारंटीड एडीशन्स के साथ एक सीमित प्रीमियम एंडोमेंट योजना है। इस उत्पाद के अंतर्गत उपलब्ध प्रीमियम भुगतान अवधियाँ (पीपीटी) 6 वर्ष, 8 वर्ष, 10 वर्ष और 12 वर्ष हैं।

यह एक नॉन–पार योजना है जिसके अंतर्गत मृत्यु होने या जीवित रहने पर मिलने वाले हितलाभों की गारंटी है तथा निश्चित राशि दी जाती है, वास्तविक अनुभव के बावजूद भी। अत: यह पॉलिसी कोई विवेक आधारित हितलाभ जैसे कि बोनस आदि या अधिशेष राशि में हिस्सा नहीं प्रदान करती है।

इस योजना को ऑफ़लाइन लाइसेंस प्राप्त एजेन्ट्स, कॉर्पोरेट एजेन्ट्स ब्रोकर्स, इंश्योरेन्स मार्केटिंग फर्म्स, पॉइन्ट ऑफ़ सेल्स पर्सन–लाइफ इंश्योरेन्स (पीओएसपी–एलआई)/ कॉमन पब्लिक सर्विस सेंटर्स (सीपीएससी–एसपीवी) तथा ऑनलाइन सीधे वेबसाइट www.licindia.in के ज़रिए खरीदा जा सकता है।

प्रत्याशित पॉलिसीधारकों को सूचित किया जाता है कि वे खरीद संबंधी निर्णय लेते समय अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम विकल्प/उत्पाद चुनने हेतु सूचित निर्णय लेने के लिए इसके समान उपलब्ध अन्य उत्पादों का संदर्भ ले सकते हैं, जैसे वार्षिकी, यूएलआईपी आदि।

1. मुख्य विशेषताएं :

- इस योजना में सुरक्षा और बचत का प्रावधान है।
- हर वर्ष के अंत में पॉलिसी अवधि के दौरान भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडीशन्स।
- प्रारंभ में आवश्यकता के अनुसार **"मृत्यु पर बीमित राशि"** के दो विकल्पों में से जोखिम बीमा–सुरक्षा चुनने की सुविधा।
- निम्नांकित की सुविधा
    - o 6, 8, 10 या 12 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि (पीपीटी) का चयन।
    - o उस अवधि का चयन, जिसके लिए सुरक्षा आवश्यक है, 10 से 20 वर्ष (पीपीटी 6 वर्ष के लिए), 15 से 20 वर्ष (पीपीटी 8 और 10 वर्ष के लिए) और 16 से 20 वर्ष (पीपीटी 12 वर्ष के लिए)।
    - o परिपक्वता/मृत्यु हितलाभ का भुगतान किस्तों में करने का विकल्प चुनें।
- राइडर हितलाभों के लिए अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करने पर राइडर हितलाभों का चयन कर बीमा सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प।
- उच्च बीमा राशि के लिए आकर्षक प्रोत्साहन राशि का लाभ।
- विद्यमान पॉलिसीधारक और मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी के लिए प्रोत्साहन राशि
- ऋण सुविधा के माध्यम से तरलता संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति।

2. पात्रता की शर्तें तथा अन्य प्रतिबंध:

i	प्रवेश की न्यूनतम उम्र	30 दिन (पूरे किए हों)
ii	प्रवेश की अधिकतम उम्र	पीपीटी 6, 8 और 10 वर्ष के लिए 60 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) पीपीटी 12 वर्ष के लिए 59 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) पीओएसपी–एलआई/सीपीएससी–एसपीवी के माध्यम से प्राप्त पॉलिसियों के मामले में [65 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) में से पॉलिसी अवधि घटाकर]।
iii	परिपक्वता की न्यूनतम उम्र	18 वर्ष (पूर्ण)
iv	परिपक्वता की अधिकतम उम्र	75 वर्ष (निकटतम जन्मदिन) पीओएसपी–एलआई/सीपीएससी–एसपीवी के माध्यम से प्राप्त पॉलिसियों के मामले में, 65 वर्ष (निकटतम जन्मदिन)
v	प्रीमियम की भुगतान अवधि (पीपीटी)	6, 8, 10 और 12 वर्ष
vi	पॉलिसी की न्यूनतम अवधि	पीपीटी 6 वर्ष के लिए 10 वर्ष पीपीटी 8 और 10 वर्ष के लिए 15 वर्ष पीपीटी 12 वर्ष के लिए 16 वर्ष
vii	पॉलिसी की अधिकतम अवधि	समस्त पीपीटी के लिए 20 वर्ष
viii	न्यूनतम बीमा राशि	रु. 5,00,000/–
ix	अधिकतम मूल बीमा राशि	कोई सीमा नहीं, बोर्ड अनुमोदित जोखिमांकन नीति के अधीन।
x	मूल बीमा राशि गुणक	मूल बीमा राशि 10,000/– रुपए के गुणकों में होगी।

जोखिम के प्रारंभ होने की तिथि: यदि प्रवेश के समय बीमित व्यक्ति की उम्र 8 वर्ष से कम है, तो जोखिम या तो पॉलिसी प्रारंभ होने की तिथि से 2 वर्ष पूर्ण होने से, या 8 वर्ष की उम्र पूर्ण होने के साथ या उसके तुरंत बाद पॉलिसी वर्षगाँठ से, जो भी पहले हो, प्रारंभ होगा। प्रवेश के समय 8 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए जोखिम, जोखिम स्वीकार करने की तिथि, अर्थात पॉलिसी जारी होने की तिथि से तुरंत प्रारंभ हो जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत निहित होने की तिथि: यदि पॉलिसी किसी अवयस्क जीवन पर जारी की जाती है, तो 18 वर्ष की आयु पूरी होने के साथ या उसके तुरंत बाद आने वाली पॉलिसी वर्षगाँठ पर पॉलिसी स्वचलित रूप से बीमित व्यक्ति में निहित हो जाएगी और इस तरह निहित होने पर निगम और बीमित व्यक्ति के बीच अनुबंध मानी जाएगी।

3. हितलाभ:

चालू पॉलिसी के अंतर्गत देय हितलाभ (जहां सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया जा चुका है) निम्नानुसार होंगे:

ए. मृत्यु हितलाभ:

प्रस्तावक के पास उपलब्ध दो विकल्पों के अनुसार "मृत्यु पर बीमा राशि" चुनने का विकल्प होगा।

आपको अपनों की विशेष ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए विकल्पों का चयन सावधानी के साथ करना चाहिए, क्योंकि चुने गए प्लान के अनुसार प्रीमियम तथा हितलाभों में भिन्नता होगी तथा इसे बाद में बदला नहीं जा सकता है।

विकल्प	**मृत्यु पर बीमा राशि**
विकल्प I	इनमें से जो भी ज़्यादा हो: • (सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम गुणित मॉडल समायोजन कारक) का 7 गुना; या • मूल बीमा राशि
विकल्प II	इनमें से जो भी ज़्यादा हो: • (सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम गुणित मॉडल समायोजन कारक) का 10 गुना; या • मूल बीमा राशि

नोट : उपरोक्त वर्णित सारणी में:

i) मॉडल समायोजन कारक पॉलिसीधारक द्वारा चयनित प्रीमियम भुगतान की विधि पर निर्भर करेगा और वह निम्नानुसार होगा:

प्रीमियम भुगतान की विधि	**मॉडल समायोजन कारक**
वार्षिक	1.0000
अर्द्ध–वार्षिक	1.0186
त्रैमासिक	1.0280
मासिक	1.0344

ii) **'सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम'**, चयनित मृत्यु पर बीमा राशि विकल्प और मूल बीमित राशि के लिए प्रीमियम होगी, जो किसी भी छूट या लोडिंग या किसी अतिरिक्त बीमांकन को शामिल करने से पहले बीमित व्यक्ति की आयु पर आधारित होगी और इसमें कोई कर और राइडर प्रीमियम, यदि कोई हो, शामिल नहीं होंगे।

एक बार चुन लिए गए विकल्प को बाद में बदला नहीं जा सकता है।

जोखिम के आरंभ होने के बाद तथा परिपक्वता की तिथि से पहले पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर अर्जित गारंटीड एडीशन्स के साथ "मृत्यु पर बीमा राशि" का भुगतान किया जाएगा, बशर्तें पॉलिसी चालू हो।

"मृत्यु पर बीमा राशि" चुने गए विवरण के अनुसार होगी, जिसका विवरण ऊपर सारणी में दिया गया है।

विकल्प ख व खख दोनों के अंतर्गत मृत्यु हितलाभ, मृत्यु की तिथि तक **"अदा किए गए कुल प्रीमियम्स"** के 105% से कम नहीं होगा।

जहाँ, **"कुल भुगतान की गई प्रीमियम"** का अर्थ मूल उत्पाद के अंतर्गत भुगतान की गई सभी प्रीमियमों का योग है, जिसमें स्पष्ट रूप से ली गई कोई भी अतिरिक्त प्रीमियम और कर शामिल नहीं हैं। अगर एलआईसी का प्रीमियम माफी हितलाभ राइडर चुना गया है, तो प्रस्तावक की मृत्यु की दशा में, कोई भी बाद के प्रीमियम्स माफ कर दिए जाएंगे तथा उन्हें प्राप्त किया तथा अदा किए गए कुल प्रीमियम्स में शामिल माना जाएगा।

लेकिन अवयस्क बीमित व्यक्ति के मामले में, जहां प्रवेश करने की उम्र 8 वर्ष से कम है, जोखिम के आरंभ होने से पहले बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर, मृत्यु हितलाभ की राशि, अदा किए गए कुल प्रीमियम (कर, अतिरिक्त प्रीमियम

तथा राइडर प्रीमियम, अगर कोई हो को छोड़कर) को, बिना किसी ब्याज, लौटाना होगा, बशर्तें पॉलिसी चालू हो।

मृत्यु हितलाभ का भुगतान ऊपर उल्लेख किए गए अनुसार एकमुश्त तथा/या किस्तों में किया जाएगा, (जैसा कि नीचे पैरा 4.III में विनिर्धारित किया गया है)।

बी. परिपक्वता हितलाभ:

परिपक्वता की निर्धारित तिथि तक बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर, बशर्तें पॉलिसी चालू हो, **"परिपक्वता पर बीमा राशि"** का प्रभावी पॉलिसी के लिए अर्जित गारण्टीड एडीशन्स के साथ भुगतान किया जाएगा; जहां, **"परिपक्वता पर बीमा राशि"** मूल बीमा राशि के समान है।

सी. चालू पॉलिसी के लिए गारंटीड एडीशन्स:

एक चालू पॉलिसी के अंतर्गत (जिसमें सभी देय प्रीमियमों का भुगतान किया गया है), पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीड एडीशन्स प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होंगी।

चालू पॉलिसी के लिए गारंटीड एडीशन्स की दर निम्नानुसार होगी:

पॉलिसी अवधि (वर्षों में)	गारंटीड एडीशन्स की दर (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में)
10 से 13	8.50%
14 से 17	9.00%
18 से 20	9.50%

यदि कोई पॉलिसी अनुच्छेद 9 में निर्दिष्ट गारंटीड एडीशन्स की दर में वृद्धि के संदर्भ में किसी भी प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र है (अर्थात विद्यमान पॉलिसीधारक और मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी या ऑनलाइन विक्रय के लिए उच्च मूल बीमा राशि के लिए प्रोत्साहन राशि), तो पॉलिसी के अंतर्गत गारंटीड एडीशन्स की लागू दर तक पहुंचने के लिए उपरोक्त गारंटीड एडीशन्स की दर को संबंधित प्रोत्साहन राशि द्वारा बढ़ाया जाएगा।

एक पॉलिसी वर्ष में चालू पॉलिसी के लिए लागू गारंटीड एडीशन्स गारंटीड एडीशन्स की लागू दर गुणित भुगतान की गई प्रीमियमों के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियमों के गुणनफल के बराबर होंगी।

चालू पॉलिसी के अंतर्गत, पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर, मृत्यु के वर्ष गारंटीड एडीशन्स का भुगतान पूरे पॉलिसी वर्ष के लिए किया जाएगा।

पूर्णतः चुकता पॉलिसी के मामले में (जहां पॉलिसी की संपूर्ण प्रीमियम भुगतान अवधि के लिए देय सभी प्रीमियमों का भुगतान किया गया है), प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में गारंटीड एडीशन्स अर्जित होती रहेगी तथा यह चालू पॉलिसी के लिए लागू होगी।

4. उपलब्ध विकल्प:

I. राइडर हितलाभ:

इस प्लान के अंतर्गत अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर निम्नांकित चार वैकल्पिक राइडर्स (या इनके संशोधित स्वरूप) उपलब्ध हैं। हालाँकि, पॉलिसीधारक द्वारा एलआईसी के दुर्घटनात्मक मृत्यु एवं दिव्यांगता हितलाभ राइडर या एलआईसी के दुर्घटना हितलाभ राइडर में से किसी एक को तथा/या नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, पात्रता के अधीन बाकी दो राइडर्स को चुना जा सकता है।

ए) एलआईसी का दुर्घटनात्मक मृत्यु एवं दिव्यांगता हितलाभ राइडर (UIN: 512B209V02)

इसे मूल योजना की प्रीमियम भुगतान अवधि के भीतर चालू पॉलिसी के अंतर्गत चुना जा सकता है, बशर्ते मूल योजना के साथ–साथ राइडर की बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि कम से कम 5 वर्ष हो, लेकिन यह पॉलिसी की वर्षगाँठ से पहले होना चाहिए, जिस पर बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 65 वर्ष है। इस राइडर के अंतर्गत हितलाभ संरक्षण पॉलिसी अवधि के दौरान या पॉलिसी की वर्षगांठ से पहले उपलब्ध होगा, जिस दिन बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 70 वर्ष, जो भी पहले हो। यदि इस राइडर को चुना जाता है तो दुर्घटनावश मृत्यु होने के मामले में, दुर्घटना हितलाभ बीमा राशि मूल योजना के अंतर्गत मृत्यु हितलाभ के साथ एकमुश्त देय होगी। दुर्घटना के कारण (दुर्घटना की तिथि से 180 दिनों के अंदर) अशक्तता पैदा होने पर दुर्घटना हितलाभ बीमा राशि के समान राशि का भुगतान 10 वर्षों की अवधि में समान मासिक किस्तों में किया जाएगा तथा दुर्घटना लाभ बीमा राशि के लिए भविष्य के प्रीमियम्स तथा मूल पॉलिसी के अंतर्गत मूल बीमा राशि, जो कि दुर्घटना लाभ बीमा राशि के समान है, के अंश हेतु प्रीमियम्स को माफ कर दिया जाएगा। अवयस्कों के जीवन पर पॉलिसी के अंतर्गत, यह राइडर 18 वर्ष की उम्र पूरी होने पर पॉलिसी वर्षगांठ से, इस विषय में विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर उपलब्ध होगा।

बी) एलआईसी का दुर्घटना हितलाभ राइडर (UIN:512B203V03)

इसे मूल योजना की प्रीमियम भुगतान अवधि के भीतर चालू पॉलिसी के अंतर्गत चुना जा सकता है, बशर्ते मूल योजना के साथ–साथ राइडर की बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि कम से कम 5 वर्ष हो, लेकिन यह पॉलिसी की वर्षगाँठ से पहले होना चाहिए, जिस पर बीमित व्यक्ति की निकटतम जन्मदिन आयु 65 वर्ष है। इस राइडर के अंतर्गत हितलाभ संरक्षण पॉलिसी अवधि के दौरान उपलब्ध होगा। अगर इस राइडर को दुर्घटना के कारण मृत्यु की स्थिति के लिए चुना जाता है, तो दुर्घटना हितलाभ राइडर बीमा राशि एकमुश्त रूप में देय होगी। अवयस्कों के जीवन पर पॉलिसी के अंतर्गत, यह राइडर 18 वर्ष की उम्र पूरी होने पर पॉलिसी वर्षगांठ से, इस विषय में विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर उपलब्ध होगा।

सी) एलआईसी का न्यू टर्म एश्योरेन्स राइडर (UIN: 512B210V02)

यह राइडर केवल पॉलिसी के आरंभ में उपलब्ध है। इस राइडर के अंतर्गत हितलाभ संरक्षण पॉलिसी अवधि के दौरान उपलब्ध होगा। अगर इस राइडर को चुना जाता है, तो बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर 'टर्म राइडर मृत्यु पर बीमा राशि' के समान एक राशि का भुगतान किया जाएगा।

डी) एलआईसी का प्रीमियम माफी हितलाभ राइडर (UIN: 512B204V04)

किसी चालू पॉलिसी के अंतर्गत, किसी भी समय पॉलिसी के प्रस्तावक (क्योंकि बीमित व्यक्ति अवयस्क है) के जीवन पर इस राइडर को पॉलिसी वर्षगांठ के समय, लेकिन मूल पॉलिसी की प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान लिया जा सकता है, बशर्तें मूल पॉलिसी तथा राइडर की प्रीमियम भरने की बकाया अवधि कम से कम पांच वर्ष हो। साथ ही पॉलिसी के अंतर्गत इस राइडर को लेने की वहां अनुमति होगी जहां इस राइडर को लेते समय बीमित व्यक्ति अवयस्क है। राइडर की अवधि इस राइडर को चुनने की तिथि को मूल पॉलिसी की बकाया प्रीमियम भुगतान अवधि या (25 – राइडर लेते समय अवयस्क बीमित व्यक्ति की उम्र) से जो भी कम हो, होगी। अगर राइडर की अवधि और प्रस्तावक की उम्र का जोड 70 वर्ष से अधिक हो तो राइडर की अनुमति नहीं होगी।

अगर इस राइडर को लिया जाता है तो, तो पॉलिसी अवधि के दौरान प्रस्तावक की मृत्यु होने पर, मृत्यु की तिथि के बाद से राइडर अवधि की समाप्ति तक देय होने वाले प्रीमियम्स को माफ कर दिया जाएगा। लेकिन किसी स्थिति में, अगर मूल पॉलिसी की प्रीमियम भुगतान अवधि, राइडर की अवधि से अधिक हो तो इस प्रीमियम माफी बेनिफिट राइडर अवधि की समाप्ति की तिथि से देय होने वाले मूल पॉलिसी के अंतर्गत अगले प्रीमियम्स का भुगतान बीमित व्यक्ति द्वारा किया जाएगा। ऐसे प्रीमियम्स का भुगतान न करने पर पॉलिसी चुकता पॉलिसी बन जाएगी।

सभी जीवन बीमा राइडर्स के अंतर्गत कुल प्रीमियम मूल प्लान के अंतर्गत प्रीमियमों के 30% से अधिक नहीं होगा।

एलआईसी के दुर्घटना हितलाभ राइडर के संबंध में राइडर बीमा राशि मूल उत्पाद के अंतर्गत मूल बीमा राशि के तीन गुना से अधिक नहीं होगी। अन्य सभी राइडरों में से प्रत्येक के अंतर्गत उत्पन्न होने वाला कोई भी हितलाभ मूल प्लान के अंतर्गत मूल बीमा राशि से अधिक नहीं होगा।.

उपरोक्त राइडर्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, राइडर ब्रोशर देखें या एलआईसी के नजदीक शाखा कार्यालय से संपर्क करें।.

पीओएसपी–एलआई/सीपीएससी–एसपीवी के ज़रिए ली गई पॉलिसियों के मामले में कोई राइडर उपलब्ध नहीं होगा.

II. निपटान विकल्प (परिपक्वता हितलाभ के लिए):

निपटान विकल्प प्रभावी और चुकता पॉलिसी के अंतर्गत परिपक्वता हितलाभ को एकमुश्त राशि के बदले 5 या 10 या 15 वर्षों की चुनी हुई अवधि में, किस्तों में प्राप्त करने का विकल्प है। इस विकल्प को पॉलिसीधारक द्वारा बीमित व्यक्तियों की अवयस्कता के दौरान या 18 वर्ष और इससे अधिक उम्र के बीमित व्यक्तियों द्वारा, अपने जीवनकाल के दौरान, पॉलिसी के अंतर्गत देय परिपक्वता हितलाभ के पूर्ण या एक हिस्से के लिए अपनाया जा सकता है। पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा चुनी गई राशि (अर्थात दावे की कुल राशि) दावे की कुल देय राशि के परम मूल्य या प्रतिशत के रूप में हो सकती है।

किस्तों का भुगतान, चुने गए अनुसार, वार्षिक या अर्द्ध–वार्षिक या त्रैमासिक या मासिक अंतराल पर अग्रिम रूप से किया जाएगा, जो कि विभिन्न भुगतान माध्यमों के लिए नीचे दी गई न्यूनतम किस्त राशि के अधीन होगा:

किस्त भुगतान का माध्यम	न्यूनतम किस्त राशि
मासिक	रु. 5,000/–
त्रैमासिक	रु..15,000/–
अर्द्ध–वार्षिक	रु.25,000/–
वार्षिक	रु.50,000/–

अगर दावे की कुल राशि पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प हेतु न्यूनतम किस्त राशि से कम है तो राशि का केवल एकमुश्त भुगतान ही किया जाएगा।

1 मई से 30 अप्रैल की 12 महीने की अवधि के दौरान शुरू होने वाले सभी किस्त भुगतान विकल्पों के लिए प्रत्येक किस्त की राशि की गणना करने के लिए इस्तेमाल की गई ब्याज दर 10 प्रतिशत अर्धवार्षिक जी–सेक दर मायनस 2%; जहां 10 वर्षीय अर्धवार्षिक जी–सेक दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के दौरान सभी निपटान विकल्पों के संबंध में, भविष्य की किस्तों के लिए प्रयुक्त, या भविष्य की किस्तों में छूट देने वाली अधिकतम प्रभावी ब्याज दर 4.62% प्रति वर्ष होगी।

परिपक्वता हितलाभ में निपटान विकल्प का इस्तेमाल करना, पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति को परिपक्वता की देय तिथि से कम से कम 3 माह पहले, किस्तों में दावे की कुल राशि को पाने के लिए विकल्प को चुनना होगा।

पहला भुगतान परिपक्वता की तिथि को किया जाएगा और उसके बाद पॉलिसीधारक द्वारा चुने हुए किस्त भुगतान के माध्यम के अनुसार परिपक्वता की तिथि से प्रत्येक महीने या त्रैमासिक या अर्द्ध–वार्षिक या वार्षिक आधार पर, जैसा भी मामला हो, भुगतान किया जाएगा।

निपटान विकल्प के अंतर्गत किस्त भुगतान शुरू होने के बाद:

i. अगर किसी बीमित व्यक्ति ने जिसने परिपक्वता हितलाभ के निपटान विकल्प पर अमल किया है, अब उस विकल्प को वापस लेकर बकाया किस्तों को एक साथ लेना चाहता है, तो बीमित व्यक्ति से इस बारे में लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर इसकी अनुमति होगी। ऐसे मामले में, एकमुश्त राशि जो कि निम्नलिखित में से जो भी अधिक हो, के समान होगी तथा पॉलिसी को रद्द कर दिया जाएगा।

- भविष्य में देय सभी किस्तों का रियायती मूल्य; या
- (मूल राशि जिसके लिए निपटान विकल्प पर अमल किया गया था) **कम** (अदा की जा चुकी किस्तों का योगफल)

ii. भविष्य के किस्त भुगतानों को डिस्काउंट करने के लिए अपनाई जाने वाली ब्याज दर 10 वर्ष तक के लिए छमाही जी–सेक दर से वार्षिक प्रभावी दर होगी; जहां 10 वर्ष की छमाही जी–सेक दर पूर्व वित्तीय वर्ष के अंतिम कामकाजी दिन, जिसके दौरान निपटान विकल्प को निपटाया गया था, के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के दौरान सभी निपटान विकल्पों के संबंध में, भविष्य की किस्तों के लिए प्रयुक्त, या भविष्य की किस्तों में छूट देने वाली अधिकतम प्रभावी ब्याज दर 6.62% प्रति वर्ष होगी।

iii. परिपक्वता की तिथि के पश्चात, बीमित व्यक्ति की मृत्यु के मामले में, जिसने निपटान विकल्प चुना हो, बकाया किस्तों का भुगतान नामित व्यक्ति को बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प के अनुसार, बिना किसी बदलाव किया जाता रहेगा, और नामित व्यक्ति को इसमें कोई बदलाव नहीं करने दिया जाएगा।

III. मृत्यु हितलाभ को किस्तों में लेने का विकल्प:

यह मृत्यु हितलाभ को एकमुश्त राशि के बदले 5 या 10 या 15 वर्षों की चुनी हुई अवधि में, किस्तों में प्राप्त करने का विकल्प है। इस विकल्प को पॉलिसीधारक द्वारा बीमित व्यक्ति की अवयस्कता के दौरान या 18 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के बीमित व्यक्तियों द्वारा, अपने जीवनकाल के दौरान, पॉलिसी के अंतर्गत देय मृत्यु हितलाभ के पूर्ण या एक हिस्से के लिए अपनाया जा सकता है। पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा चुनी गई राशि (अर्थात दावे की कुल राशि) दावे की कुल देय राशि का परम मूल्य या प्रतिशत के रूप में हो सकती है।

किस्तों का भुगतान, चुने गए अनुसार, वार्षिक या अर्द्ध–वार्षिक या त्रैमासिक या मासिक अंतराल पर अग्रिम रूप से किया जाएगा, जो कि विभिन्न भुगतान माध्यमों के लिए नीचे दी गई न्यूनतम किस्त राशि के अधीन होगी।

किस्त भुगतान का माध्यम	न्यूनतम किस्त राशि
मासिक	रु. 5,000/–
त्रैमासिक	रु..15,000/–
अर्द्ध–वार्षिक	रु.25,000/–
वार्षिक	रु.50,000/–

अगर दावे की कुल राशि पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प हेतु न्यूनतम किस्त राशि से कम है तो राशि का केवल एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

1 मई से 30 अप्रैल की 12 महीने की अवधि के दौरान शुरू होने वाले सभी किस्त भुगतान विकल्पों के लिए प्रत्येक किस्त की राशि की गणना करने के लिए इस्तेमाल की गई ब्याज दर 10 वर्ष अर्धवार्षिक छमाही जी–सेक दर मायनस 2% से प्रभावी दर कम नही होगी; जहां 10 वर्षीय अर्धवार्षिक जी–सेक दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार होगी।

तदनुसार, 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह

की अवधि के दौरान सभी निपटान विकल्पों के संबंध में, भविष्य की किस्तों के लिए प्रयुक्त, या भविष्य की किस्तों में छूट देने वाली अधिकतम प्रभावी ब्याज दर 4.62% प्रति वर्ष होगी।

किस्तों में मृत्यु हितलाभ लेने के विकल्प पर अमल करना, बीमित व्यक्ति की अवयस्कता के दौरान पॉलिसीधारक या बीमित व्यक्ति अगर वह वयस्क हो, पॉलिसी के चालू रहने के समय अपने जीवन काल में किस्त भुगतान की अवधि तथा कुल दावा राशि, जिसके लिए वह विकल्प पर अमल करना चाहता है, का उल्लेख करते हुए इस विकल्प को चुन सकता है। पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा चुने गए विकल्प के अनुसार तब नामित व्यक्ति को मृत्यु दावे की राशि का भुगतान किया जाएगा और नामित व्यक्ति को इसमें कोई बदलाव नहीं करने दिया जाएगा।

5. प्रीमियमों का भुगतान :

प्रीमियम का भुगतान वार्षिक, छमाही, तिमाही या मासिक अंतराल पर (मासिक प्रीमियम केवल एनएसीएच के ज़रिए) या वेतन से कटौतियों के ज़रिए नियमित रूप से किया जा सकता है।

6. अनुग्रह अवधि:

भुगतान न हुए प्रीमियम की पहली तिथि से मासिक प्रीमियम के लिए 15 दिन तथा वार्षिक या अर्ध–वार्षिक या त्रैमासिक प्रीमियम के भुगतान के लिए 30 दिन की एक अनुग्रह अवधि होगी। इस अवधि के दौरान, इस पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, यह पॉलिसी बिना किसी रुकावट के, जोखिम बीमा–सुरक्षा के साथ प्रभावी मानी जाएगी। यदि अनुग्रह अवधि के दिन पूरे होने से पहले प्रीमियम का भुगतान नहीं किया जाता है, तो पॉलिसी कालातीत हो जाती है।

उपरोक्त अनुग्रह अवधि उन हितलाभ प्रीमियमों के लिए भी लागू होगी, जो मूल पॉलिसी की प्रीमियम के साथ देय हैं।

7. प्रीमियम के नमूने का उदाहरण :

ऑफलाइन बेची जाने वाली पॉलिसियों के लिए उम्र 35 वर्ष के मानक जीवनों के लिए रु. 5 लाख की मूल बीमा राशि (बीएसए) की वार्षिक प्रीमियमों का उदाहरण निम्नानुसार है:

विकल्प I			
वार्षिक प्रीमियम (रु. में)			
प्रीमियम भुगतान अवधि	पॉलिसी अवधि		
	10	15	20
6	1,01,350	93,425	76,750
8	-	70,925	60,350
10	-	62,825	55,600
12	-	-	48,075

विकल्प II			
वार्षिक प्रीमियम (रु. में)			
प्रीमियम भुगतान अवधि	पॉलिसी अवधि		
	10	15	20
6	1,03,025	96,625	81,150
8	–	72,700	61,850
10	–	63,775	56,325
12	–	–	48,075

उपरोक्त प्रीमियमों में टैक्स शामिल नहीं है।

8. प्रीमियम रूपांतरण घटक:

प्रीमियम भुगतान के विभिन्न माध्यमों हेतु लागू प्रीमियम रूपांतरण घटक निम्न अनुसार हैं:

प्रीमियम भुगतान का माध्यम	प्रीमियम रूपांतरण घटक
वार्षिक	1.0000
अर्ध–वार्षिक	0.5093
त्रैमासिक	0.2570
मासिक	0.0862

वार्षिक विधि के अलावा अन्य देय प्रीमियमों की गणना लागू प्रीमियम रूपांतरण कारक को वार्षिक प्रीमियम से गुणा करके की जाएगी।

9. प्रोत्साहन राशि :

I. उच्च मूल बीमा राशि के लिए :

उच्च मूल बीमा राशि (बीएसए) के लिए प्रोत्साहन राशि की अनुमति गारंटीड एडीशन्स की दर में वृद्धि के रूप में होगी। भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडीशन्स के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार होगी:

उच्च मूल बीमा राशि के लिए प्रोत्साहन राशि (गारंटीड एडीशन्स की दर भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में)					
(पीपीटी) (वर्ष)	मूल बीमा राशि (रु.)				
	5,00,000 से लेकर 7,00,000 से कम तक	7,00,000 से लेकर 10,00,000 से कम तक	10,00,000 से लेकर 15,00,000 से कम तक	15,00,000 से लेकर 20,00,000 से कम तक	20,00,000 या उससे अधिक
6	शून्य	0.07%	0.08%	0.10%	0.12%
8	शून्य	0.10%	0.12%	0.20%	0.25%
9	शून्य	0.12%	0.15%	0.25%	0.30%
10	शून्य	0.15%	0.20%	0.30%	0.35%

II. ऑनलाइन विक्रय के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि :

ऑनलाइन विक्रय के अंतर्गत अभिकर्ता/मध्यस्थ की सहायता के बिना पूरा किया जाने वाला प्रस्ताव गारंटीड एडीशन्स की दर में वृद्धि के रूप में प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होगा। भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडीशन्स के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार होगी :

प्रीमियम भुगतान अवधि (पीपीटी) (वर्ष)	**गारंटीड एडीशन्स की दर (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में)**
6 और 8	0.75%
10 और 12	1.25%

III. विद्यमान पॉलिसीधारक और मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी के लिए प्रोत्साहन राशि :

प्रोत्साहन राशि गारंटीड एडीशन्स की दर में वृद्धि के रूप में होगी।

इस योजना के अंतर्गत मृतक पॉलिसीधारक के नामिति या लाभार्थी सहित विभिन्न श्रेणी के विद्यमान पॉलिसीधारकों के लिए भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में गारंटीड एडीशन्स के संदर्भ में प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार होगी:

पॉलिसीधारक की श्रेणी	**प्रोत्साहन राशि**	
	पीपीटी (वर्षों में)	**गारंटीकृत अभिवृद्धि की दर (भुगतान की गई प्रीमियम के संबंध में कुल सारणीबद्ध वार्षिक प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में)**
यदि किसी मौजूदा पॉलिसीधारक के पास निगम की पॉलिसी है, जो इस उत्पाद के अंतर्गत प्रस्ताव के पंजीकरण से एक वर्ष के भीतर परिपक्व हो गई है और उसके द्वारा इस योजना को अपने जीवन और/या परिवार के किसी सदस्य के जीवन पर खरीदा जाता है* ; **या** यदि यह योजना निगम के मृतक पॉलिसीधारक के नामिती/लाभार्थी द्वारा खरीदी जाती है, जहाँ मृत्यु की तिथि इस उत्पाद के अंतर्गत प्रस्ताव के पंजीकरण से एक वर्ष के भीतर है; **या** यदि यह योजना किसी मौजूदा पॉलिसीधारक द्वारा खरीदी जाती है, जिसके पास निगम की एक चालू पॉलिसी है। (*परिवार के सदस्यों का अर्थ है दादा-दादी, माता-पिता, पति/पत्नी, बच्चे या पोते-पोतियाँ)	6	0.05%
	8	0.10%
	10	0.12%
	12	0.15%

10. पुनर्चलन:

यदि अनुग्रह अवधि के भीतर प्रीमियमों का भुगतान नहीं किया जाता है, तो पॉलिसी कालातीत हो जाएगी। किसी कालातीत पॉलिसी को भुगतान न की गई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 क्रमागत वर्षों की अवधि के भीतर और परिपक्वता की तिथि से पहले, जैसा भी मामला हो, पुनर्चलित करवाया जा सकता है। यह पुनर्चलन समय-समय पर निगम द्वारा निर्धारित की जा सकने वाली दरों पर ब्याज (चक्रवृद्धि अर्द्ध-वार्षिक) के साथ प्रीमियम(मों) की समस्त बकाया राशियों के भुगतान पर एवं जीवन बीमित व्यक्ति और/या प्रस्तावक (यदि एलआईसी का प्रीमियम माफी हितलाभ राइडर चुना

गया हो) की निरंतर बीमा योग्यता की संतुष्टि होने पर प्रभावी होगा, और यह संतुष्टि उन जानकारियों, दस्तावेजों और प्रतिवेदनों के आधार पर होगी, जो पहले से ही उपलब्ध हैं और इस संबंध में ऐसी किन्हीं अतिरिक्त जानकारियों के आधार पर होगी, जो पुनर्चलन के समय पर निगम की बीमांकन नीति के अनुसार आवश्यक हो सकती हैं और जिन्हें पॉलिसीधारक/जीवन बीमित व्यक्ति/प्रस्तावक द्वारा प्रदान किया जाता है।

निगम के पास मूल शर्तों पर स्वीकार करने, संशोधित शर्तों पर स्वीकार करने या स्थगित पॉलिसी के पुनर्चलन से इन्कार करने का अधिकार सुरक्षित है। स्थगित पॉलिसी का पुनर्चलन केवल उसे निगम द्वारा स्वीकृत करने एवं पॉलिसीधारक को विशेष रूप से इसके बारे में पुनर्चलन रसीद जारी किए जाने के बाद प्रभावी होगा।

1 मई से आरंभ कर 30 अप्रैल तक चलने वाली प्रत्येक 12 माह की अवधि के लिए, इस प्लान के अंतर्गत पुनर्चलन के लिए लागू ब्याज दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धि के साथ 10 वर्षीय जी–सेक प्रतिफल में 3% जोड़कर उसके योग, या निगम की असंबद्ध, असहभागी निधि पर अर्जित प्रतिफल में 1% जोड़कर उसके योग, जो भी अधिक हो, से अधिक नहीं होगी। 1 मई, 2025 से आरंभ कर 30 अप्रैल, 2026 तक चलने वाली 12 माह की अवधि के लिए, लागू ब्याज दर अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धि के साथ 9.50% प्रति वर्ष होगी। पॉलिसी पुनर्चलन के लिए ब्याज दर निर्धारण के आधार में परिवर्तन हो सकता है।

कालातीत या चुकता पॉलिसी के पुर्नचलन पर, पॉलिसी के अंतर्गत सभी हितलाभ, जो कि पॉलिसी के कालातीत या चुकता होने की तिथि से पहले उपलब्ध थे, बहाल हो जाएंगे।

राइडर(रों) के पुनर्चलन, यदि इसे चुना गया हो, को मूल पॉलिसी के पुनर्चलन के साथ ही माना जाएगा, अलग से नहीं।

11. पॉइंट ऑफ सेल्स पर्सन–लाइफ इंश्योरेंस (पीओएसपी – एलआई) और सीपीएससी– एसपीवी के माध्यम से खरीदी गई योजना :

इस योजना को पॉइंट ऑफ सेल्स पर्सन–लाइफ इंश्योरेंस (पीओएसपी–एलआई) और सीपीएससी–एसपीवी के ज़रिए खरीदा जा सकता है। लेकिन ऐसे मामलों में पात्रता की शर्तें तथा लागू अन्य शर्तें और प्रतिबंध आईआरडीएआई द्वारा पीओएस प्लान्स तथा पीओएसपी–एलआई को लागू दिशानिर्देशों, परिपत्रों तथा विनियमों के अनुसार होंगी। वर्तमान में पीओएसपी–एलआई और सीपीएससी–एसपीवी के ज़रिए प्राप्त किए गए प्रस्ताव के लिए निम्नलिखित प्रतिबंध लागू हैं:

- प्रवेश के समय अधिकतम आयु : 65 वर्ष (जन्मदिन के निकट की आयु) में से पॉलिसी अवधि घटाकर
- परिपक्वता पर अधिकतम आयु : 65 वर्ष (जन्मदिन के निकट की आयु)
- मृत्यु पर अधिकतम बीमा राशि (प्रति जीवन) : रु. 25 लाख

एलआईसी की नव जीवन श्री असंबद्ध, असहभागी, बंदोबस्ती श्रेणी के पीओएस लाइफ़ प्रोडक्ट्स के अंतर्गत आता है, अगर इसे पीओएसपी–एलआई या सीपीएससी–एसपीवी के ज़रिए खरीदा गया हो। असंबद्ध, असहभागी, बंदोबस्ती प्रोडक्ट्स की इस श्रेणी में सभी योजनाओं के अंतर्गत सभी पॉलिसियों के संदर्भ में प्रत्येक मृत्यु पर अधिकतम स्वीकार्य बीमा राशि रु.25 लाख होगी, अगर उन्हें पीओएसपी–एलआई और सीपीएससी–एसपीवी चैनल (दोनों शामिल) के ज़रिए खरीदा गया हो।

तथापि, प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु पर अधिकतम स्वीकार्य बीमा राशि का निर्धारण, निगम की जोखिमांकन नीति के साथ इस उत्पाद के अंतर्गत गैर–चिकित्सीय सीमाओं के अनुसार किया जाएगा।

- पीओएसपी–एलआई और सीपीएससी–एसपीवी के ज़रिए प्राप्त की गई पॉलिसियों

के मामले में कोई राइडर उपलब्ध नहीं होगी।

- अगर बिक्री की शुरूआत पीओएसपी–एलआई तथा सीपीएससी–एसपीवी के द्वारा की जाती है तो एलआईसी की नव जीवन श्री हेतु लागू विशेषता दस्तावेज (केएफडी) व प्रस्ताव प्रपत्र इस्तेमाल किया जाएगा।

12. चुकता मूल्य:

इस पॉलिसी के संबंध में यदि एक वर्ष से कम प्रीमियम का भुगतान किया गया है, और किसी भी अनुवर्ती प्रीमियम का विधिवत भुगतान नहीं किया गया है, तो पॉलिसी के अंतर्गत सभी लाभ भुगतान न की गई पहली प्रीमियम की तिथि से अनुग्रह अवधि की समाप्ति के बाद स्थगित हो जाएँगे और कुछ भी देय नहीं होगा।

यदि कम से कम एक पूर्ण वर्ष के प्रीमियम का भुगतान किया गया है और किसी भी अनुवर्ती प्रीमियम का विधिवत भुगतान नहीं किया गया है, तो पॉलिसी पूर्णत: अमान्य नहीं होगी, बल्कि पॉलिसी अवधि के अंत तक चुकता पॉलिसी के रूप में कायम रहेगी।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत **मृत्यु पर बीमा राशि** घटकर एक ऐसी राशि हो जाएगी जिसे **"मृत्यु पर चुकता बीमा राशि"** कहा गया है और वह मृत्यु पर बीमा राशि *गुणित* उस कुल अवधि के अनुपात, जिसके लिए प्रीमियमों का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, उस अधिकतम अवधि के लिए, जिसके लिए प्रीमियम मूल रूप से देय थे, के बराबर होगी। बीमाधारक की मृत्यु पर एक चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय मृत्यु हितलाभ, चुकता पॉलिसी के लिए उपार्जित गारंटीकृत अभिवृद्धि के साथ मृत्यु प्रदत्त बीमित राशि होगी (जैसा कि नीचे निर्दिष्ट किया गया है)। यह मृत्यु हितलाभ मृत्यु की तिथि तक भुगतान की गई कुल प्रीमियम के 105% से कम नहीं होगा।

हालांकि अवयस्क के मामले में, जिसमें पॉलिसी जोखिम के प्रारंभ होने की तिथि से पहले चुकता हो जाती है, ऐसी पॉलिसी के अंतर्गत देय मृत्यु हितलाभ, भुगतान की गई कुल प्रीमियमों (करों, बीमांकन निर्णय के कारण पॉलिसी के अंतर्गत प्रभार्य कोई अतिरिक्त राशि और राइडर प्रीमियम (यदि कोई हो) की वापसी बिना ब्याज के होगी।

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत **परिपक्वता पर चुकता बीमा राशि** घटकर एक ऐसी राशि हो जाएगी जिसे **"परिपक्वता पर चुकता बीमा राशि"** कहा गया है और वह **परिपक्वता पर बीमा राशि** *गुणित* उस कुल अवधि के अनुपात, जिसके लिए प्रीमियमों का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, उस अधिकतम अवधि के लिए, जिसके लिए प्रीमियम मूल रूप से देय थे, के बराबर होगी। पॉलिसी अवधि की समाप्ति पर, चुकता पॉलिसी के अंतर्गत देय परिपक्वता हितलाभ, चुकता पॉलिसी के लिए उपार्जित गारंटीकृत अभिवृद्धि (जैसा कि नीचे निर्दिष्ट किया गया है) के साथ परिपक्वता चुकता बीमा राशि होगी।

चुकता पॉलिसी के लिए गारंटीड एडीशन्स :

चुकता पॉलिसी के अंतर्गत गारंटीकृत एडीशन्स निम्नलिखित का योग होगी:

ए) उस अवधि के लिए, जिसके लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान किया गया है : पॉलिसी के अंतर्गत अर्जित गारंटीड एडीशन्स, चालू पॉलिसी के लिए लागू दर के साथ, पॉलिसी के अंतर्गत जुड़ी रहेंगी।

बी) उस पॉलिसी वर्ष के लिए, जिसके लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया है (वह वर्ष जिसमें पॉलिसी चुकता हो जाती है) और उसके बाद के पॉलिसी वर्षों के लिए: गारंटीड एडीशन्स निम्नानुसार होगी:

i) जिस पॉलिसी वर्ष के लिए पूर्ण वर्ष की प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया है, उस पॉलिसी वर्ष के अंत में गारंटीड एडीशन्स अर्जित होगी और यह चालू पॉलिसी के लिए लागू दर के साथ, लागू अवधि के लिए आनुपातिक गारंटीड एडीशन्स और चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीकृत एडीशन्स की दर के साथ पॉलिसी के चुकता होने की अवधि के लिए आनुपातिक गारंटीड एडीशन्स का योग होगी (जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है)।

ii) पॉलिसी अवधि के दौरान आगामी पॉलिसी वर्षों के लिए, गारंटीड एडीशन्स प्रत्येक

पूर्ण पॉलिसी वर्ष के अंत में चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीड एडीशन्स की दर के साथ अर्जित होंगी (जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है)।

चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीड एडीशन्स की दर, चालू पॉलिसी के लिए लागू गारंटीड एडीशन्स की दर (जैसा कि अनुच्छेद 3.सी में निर्दिष्ट है) *गुणित* उस कुल अवधि, जिसके लिए प्रीमियमें मूल रूप से देय थीं, का उस कुल अवधि, जिसके लिए प्रीमियमों का पहले से भुगतान कर दिया गया है, से अनुपात के गुणनफल के बराबर होगी।

चुकता पॉलिसी के लिए लागू गारंटीकृत एडीशन्स की यह दर चुकता पॉलिसी के अंतर्गत समान रहेगी।

